## महत्वपूर्ण एवं खास

### अध्यक्ष छ.ग.राज्य महिला आयोग डॉ.किरणमयी नायक आज करेंगी जिले के प्रकरणों की सुनवाई

**रायगढ़।** अध्यक्ष छ.ग.राज्य महिला आयोग डॉ.श्रीमती किरणमयी नायक 30 नवम्बर 2022 को एक दिवसीय रायगढ़ जिले के प्रवास पर आयेंगी। इस दौरान वे 30 नवम्बर को पूर्वान्ह 11 कलेक्टोरेट सभाकक्ष में प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों के संबंध में सुनवाई करेंगी।

### कलेक्टर ने वर्ष 2023 के लिए तीन स्थानीय अवकाश किया घोषित

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के आधार पर प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर रानू साहू द्वारा कैलेण्डर वर्ष 2023 के लिए जिले में संपूर्ण दिवस के लिए तीन स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। इसमें 20 जून 2023 मंगलवार को रथयात्रा, 13 नवम्बर 2023 सोमवार को दीपावली का दूसरा दिन (गोवर्धन पूजा) एवं 23 नवम्बर 2023 गुरूवार को देव उठनी एकादशी व्रत शामिल है। उक्त अवकाश कोषालय, उप कोषालय, बैंकों के लिए लागू नहीं होंगे।

### आईटीआई में सुरक्षा गार्ड रखे जाने हेतु 21 दिसम्बर तक निविदा आमंत्रित

**रायगढ़।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था खरसिया के परिसर की संपूर्ण सुरक्षा हेतु सुरक्षा एजेंसी के माध्यम से सुरक्षा गार्ड रखे जाने हेतु प्रतिष्ठित निविदाकर्ता संस्थान, फर्म, सुरक्षा एजेंसी से मोहरबंद निविदाएं 21 दिसम्बर 2022 तक आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र कार्यालय प्राचार्य, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था खरसिया से कार्यालयीन दिवसों में आवेदन प्रस्तुत कर 500 रुपये नगद भुगतान 20 दिसम्बर सायं 5 बजे तक प्राप्त किए जा सकते है। निविदा कार्यालय प्राचार्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था खरसिया में 21 दिसम्बर दोपहर 1 बजे तक जमा कर सकते है। निविदा उसी दिन दोपहर 2 बजे खोली जाएगी।

### एक दिवसीय मदिरा उपभोग हेतु मिलेगा लायसेंस

**रायगढ़।** सहायक आयुक्त आबकारी, रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि वैवाहिक कार्यक्रम, जन्मदिन, सगाई, पार्टी, कान्फ्रेंस, नववर्ष के आगमन हेतु विभिन्न संस्थाओं, होटलों द्वारा आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के लिए तथा अन्य कार्यक्रमों के आयोजन में मदिरा का उपभोग के लिए एक दिवसीय एफ.एल.-5 क लायसेंस आबकारी विभाग द्वारा जारी किया जाता है। आबकारी विभाग के वेबसाईट www.excise.cg.nic.in में लॉग इन कर ऑनलाईन एक दिवसीय एफएल-5 क लायसेंस हेतु आवेदन कर सकते है। ऑनलाईन आवेदन आयोजित कार्यक्रम दिनांक के पूर्व 15 से 20 दिन पहले करना अनिवार्य होगा। एक दिवसीय एफएल-5 क लायसेंस फीस 10 हजार रुपये एवं सुरक्षा धन राशि 5 हजार रुपये (बैंक द्वारा जारी डीडी)निर्धारित है।

### विवाद बना भाई के हत्या का कारण, आरोपी गिरफ्तार

धमतरी (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के धमतरी में मोबाइल के नाम पर हुए विवाद में छोटे भाई ने बड़े भाई की चाकू घोंप कर हत्या कर दी। हत्या की इस घटना के बाद पुलिस ने आरोपी छोटे भाई को गिरफ्तार कर लिया है। घटना अर्जुनी थाना क्षेत्र की है। जानकारी के मुताबिक, दोनर ग्राम के रहने वाले जानू ध्रुव और उसके छोटे बड़े भाई अरविंद ध्रुव का मोबाइल को लेकर 27 नवंबर की रात विवाद हुआ। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि जानू ध्रुव ने घर मे रखे सब्जी काटने के चाकू से अपने बड़े भाई अरविंद ध्रुव के सीने पर हमला कर दिया। इस हमले में खून से लथपथ अरविंद बेहोश होकर जमीन पर गिर गया, जिसके बाद उसे परिजनों ने गंभीर हालत में धमतरी जिला अस्पताल में भर्ती कराया। यहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

# जिला प्रशासन की मुहिम : नौनिहालों को अब आंगनबाड़ी में ही बना कर दिया जा रहा है जाति प्रमाण पत्र

- कलेक्टर रानू साहू की विशेष पहल, राजस्व और महिला एवं बाल विकास विभाग चला रहा संयुक्त अभियान
- 2750 बच्चों के बने प्रमाण पत्र
- आंगनबाड़ी में है बच्चा तो आवेदन देकर बनवा सकते हैं जाति प्रमाण पत्र

**रायगढ़।** जाति प्रमाण पत्र विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों के साथ नौकरी और शासन के योजनाओं का लाभ लेने के लिए एक महत्वपूर्ण दस्तावेज होता है। अमूमन स्कूलों में पढ़ाई के दौरान जाति प्रमाण पत्र की जरूरत होती है। तब पालक बच्चों के प्रमाण पत्र बनवाने तहसील कार्यालयों में पहुंचकर अपने बच्चों के जाति प्रमाण पत्र बनवाने की प्रक्रिया शुरू करते हैं। कई बार जरूरी दस्तावेजों की जानकारी के अभाव में उन्हें जाति प्रमाण पत्र बनवाने में देरी होती है। लोगों को इन्ही सब समस्याओं से छुटकारा दिलाने और उनके बच्चों के जाति प्रमाण पत्र आसानी से निर्माण के लिए कलेक्टर रानू साहू की विशेष पहल से जिला प्रशासन का राजस्व और महिला एवं बाल विकास विभाग एक संयुक्त अभियान अक्टूबर माह से चला रहे है। जिसके तहत नौनिहालों के जाति प्रमाण पत्र अब उन्हें आंगनबाड़ी में ही बना कर दिए जा रहे हैं। अब तक ऐसे लगभग 8 हजार से ज्यादा बच्चों के आवेदन पत्र प्राप्त हुए है। जिसमें से 2750 बच्चों के जाति प्रमाण पत्र बना दिए गए हैं।



यह अभियान दो चरणों में चलाया गया है। पहले चरण में आंगनबाड़ी में ऐसे बच्चों की पहचान की गई, जिनके जाति प्रमाण पत्र नही बने हैं। इनकी सूची तैयार कर उनके पालकों से संपर्क किया गया और जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए पालकों से आवेदन भरवा कर जरूरी दस्तावेज आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने इक_ किए। एक परियोजना के सभी आंगनबाडिय़ों से ऐसे बच्चों की जानकारी बना कर आवेदन पत्र और कागजात के साथ संबंधित तहसील कार्यालय में जमा किए गए। जहां से दूसरे चरण में तहसील कार्यालय में इन आवेदनों पर कार्यवाही कर बच्चों के जाति प्रमाण पत्र बनाए गए। जिन्हे आंगनबाडिय़ों के माध्यम से संबंधित बच्चों तथा उनके पालकों को सौंपा गया।

**घर बैठे मिल रहा प्रमाण पत्र, आगे होगी सहूलियत-** आगनबाड़ी केंद्रों में जाति प्रमाण पत्र बनाने का कार्य कलेक्टर रानू साहू की पहल पर पहली बार किया जा रहा है। इससे बच्चों को स्कूल में दाखिले से पहले ही उनके प्रमाण पत्र तैयार हो कर मिल जाएंगे। जिसका उपयोग वे स्कूल में प्रवेश के साथ छात्रवृत्ति योजनाओं तथा शासन की अन्य योजनाओं का लाभ लेने में कर सकेंगे। जिला प्रशासन की इस पहल से बच्चों व पालकों को बिना तहसील कार्यालय जाए घर बैठे प्रमाण पत्र बन कर मिल रहा है। इससे उनका समय और श्रम बच रहा है। साथ ही आगे भी बच्चों को इससे सहूलियत होगी।

**आंगनबाडिय़ों में बने इतने प्रमाण पत्र-** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास टी.के.जाटवार ने बताया कि यह अभियान अक्टूबर माह से चलाया जा रहा है। इस मुहिम में जिले के सभी 14 परियोजनाओं से आवेदन पत्र लिए जा रहे हैं। अब तक तकरीबन 8 हजार आवेदन पत्र प्राप्त कर तहसील कार्यालयों को भेजे गए हैं। जिनमें से 2750 जाति प्रमाण पत्र बना कर वितरित किए गए हैं।

**आंगनबाड़ी में है बच्चा तो आवेदन देकर बनवा सकते हैं जाति प्रमाण पत्र-** जाटवर ने बताया कि रायगढ़ जिले के अंतर्गत आंगनबाड़ी में पढ़ रहे ऐसे बच्चे जिनका जाति प्रमाण पत्र नही बना है, तो उनके पालक आंगनबाड़ी केंद्र में आवेदन देकर बच्चे का जाति प्रमाण पत्र बनवा सकते हैं। उन्होंने जिला प्रशासन की इस मुहिम का अधिक से अधिक लाभ पालकों से लेने की अपील की है।

## जिले में अब तक 2 लाख क्विंटल से अधिक धान की हुई खरीदी : उपार्जन केन्द्रों में बढ़ने लगी आवक, उठाव भी जारी

**रायगढ़।** 1 नवंबर से प्रारंभ हुई धान खरीदी अपने शुरुआती दिनों में धान कटाई के धीमी होने के कारण उपार्जन केन्द्रों में धान की आवक कम देखी जा रही थी, लेकिन अब धान की आवक से उपार्जन केन्द्रों में रौनक बढऩे लगी है।



उप पंजीयक, सहकारी संस्थाएं सी.एस. जायसवाल ने बताया कि आज 29 वे दिन जिले के 98 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 2 लाख 46 हजार 955 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। धान उपार्जन के साथ उठाव भी किया जा रहा है। उन्होंने बताया धान बेचने आने वाले किसानों को किसी प्रकार की समस्या न हो इसके लिए केन्द्रों का निरीक्षण भी किया जा रहा है। इसके साथ ही सभी केंद्रों में पर्याप्त बारदाने उपलब्ध करवाया गया है, जिससे किसानों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो।

उल्लेखनीय है कि खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 में किसानों से समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन सहकारी समितियों में किया जा रहा है। जिले के 7 ब्लाकों में 98 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से धान खरीदी की जा रही है। यहां किसानों के लिए पेयजल और बैठने की सुविधा उपार्जन केंद्रो में की गई है। इस वर्ष शासन द्वारा इस वर्ष किसानों की सुविधा के लिए एप के माध्यम से ऑनलाइन टोकन जारी के साथ मैनुअल की सुविधा दी जा रही है। सीमावर्ती क्षेत्रों में खरीदी केंद्रों की व्यवस्था की निगरानी के लिए टीम के साथ अवैध धान परिवहन को रोकने चेकपोस्ट के माध्यम से माल वाहक वाहनों की नियमित चेकिंग की जा रही है।

## राष्ट्रीय क्षय नियंत्रण कार्यक्रम के संबंध में वर्कशॉप आयोजित

**रायगढ़।** राज्य शासन से प्राप्त निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मधुलिका सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में (नेशनल ट्यूबरक्लोसिस एलीमिनेशन प्रोग्राम 2022) राष्ट्रीय क्षय नियंत्रण कार्यक्रम के संबंध में वर्कशॉप का आयोजन स्थानीय होटल में पूर्वान्ह 11 बजे से किया गया।




कार्यक्रम में डॉ.गणेश पटेल व डॉ.ऋतु कश्यप द्वारा पीपीटी माध्यम से क्षय रोग नियत्रण कार्यक्रम के तहत् 2030 तक क्षय मुक्त भारत बनाने की विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। इसके लिये 01 से 21 दिसंबर 2022 तक आरएचओ मेल/फिमेल सुपरवायजर, सीएचओ कार्य का 10 प्रतिशत सुपर विजन करेंगे तथा मितानिन के माध्यम से घर-घर जाकर सघन जांच खोज अभियान किया जायेगा। 16 से 21 दिसंबर तक नजदीकी प्राथ. स्वा. केंद्र पर उनकी पुष्टि की जायेगी तथा पुष्टि होने पर 6 महीने दवा खिलाकर उन्हें क्षयरोग मुक्त किया जायेगा। कार्यक्रम के अंत में सीएमएचओ डॉ.ठाकुर द्वारा लोगों से एक हफ्ते से या 15 दिन से अधिक खाँसी, सर्दी, बुखार होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर संपूर्ण जाँच कराने का निवेदन किया गया।

वर्कशॉप के दौरान जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजना पैंकरा, इस कार्यक्रम की नोडल अधिकारी डॉ.जय कुमारी चौधरी, डॉ.गणेश पटेल छाती रोग विशेषज्ञ, डॉ.रघुवर पटवा शिशु रोग विशेषज्ञ, डबलयूएचओ यूनिसेफ डॉ.ऋतु कश्यप, सीनियर सिटीजन डॉ.थवाईत, गोयल हास्पिटल से डॉ.गोयल, खंड चिकित्सा अधिकारी, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, मीडिया अधिकारी उमा महंत एवं मिडिया शाखा से जया मजुमदार व क्षय नियंत्रण शाखा से सुरेश गुप्ता, मिनल देशमुख, अभिषेक मिश्रा, अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहें।

## यातायात नियमों का पालन करने यातायात पुलिस ने विद्यार्थियों को किया प्रेरित, शालिनी कॉन्वेंट स्कूल में छात्रों को बताई ट्रैफिक नियम

- 16 साल के बाद जारी की जाती है नाबालिगों के लर्निंग लायसेंस

**रायगढ़।** एसपी अभिषेक मीणा के दिशा-निर्देशन एवं एडिशनल एसपी संजय महादेवा के मार्गदर्शन पर जिले में सोशल पुलिसिंग के जरिये लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में आज डीएसपी ट्रैफिक दीपक मिश्रा के निर्देशन पर #यातायात पुलिस बोइरदादर स्थित शालिनी कॉन्वेंट स्कूल में यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।



जागरूकता कार्यक्रम में थाना यातायात के सहायक उप निरीक्षक उमाशंकर नायक द्वारा छात्र-छात्राओं को बताया गया कि लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाना खुद के लिये और दूसरों के लिये जोखिम भरा हो सकता है। यातायात पुलिस द्वारा शहर में बगैर लायसेंस, ओव्हर स्पीड, तीन सवारी, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग करने वालों तथा नाबालिगों वाहन चालकों पर कार्रवाई के साथ समझाइश दिया जा रहा है। बगैर लायसेंस वाहन चलाना खतरनाक और कानून सही नहीं है, विद्यार्थियों को बताया गया कि 16 वर्ष पश्चात लर्निंग लायसेंस (non gear two wheeler) बनाये जाते हैं। यातायात कर्मियों ने बताया कि ज्यादातर हादसे वाहन चालक के शराब के नशे में वाहन चलाने, स्पीड वाहन, ओवरटेक, तीन सवारी वाहन चलाने दौरान वाहन से नियंत्रण खो देने के कारण होता है। ऐसे में अनिवार्य रूप से दुपहिया वाहन चालक हेलमेट और चार पहिया में सीट बेल्ट लगाना चाहिये। कार्यक्रम दौरान छात्रों यातायात नियामों की निर्देशिका का वितरण कर नियमों का पालन करने कहा गया साथ ही अपने पाल्य और मित्रों को भी यातायात नियमों का पालन करने प्रेरित किया गया है।

यातायात पुलिस के यातायात शिक्षा एवं जागरूकता कार्यक्रम में थाना यातायात के सहायक उपनिरीक्षक उमा शंकर नायक, बालकृष्ण डनसेना, प्रधान आरक्षक प्रेम सिदार, बिहारी एक्का, मुकेश चौहान, आरक्षक सतीश सिंह, मनीष मिंज, सैनिक विजय दास महंत, जगदीश चौहान तथा स्कूल के अध्यापकगण एवं करीब 450 स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित थी।

## एक दिसंबर को जिले में होगा पैरादान महाअभियान

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** किसानों को पैरादान से जोडऩे के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल लगातार प्रयास कर रहे है। इसी कड़ी में कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दकी के निर्देशन में शासन की बहुआयामी गोधन न्याय योजना के तहत जिले के समस्त गौठानों में 1 दिसंबर को पैरादान महाअभियान का सूत्रपात किया जाएगा। जिसके तहत अधिक से अधिक मात्रा में गौठानों में पैरादान किया जाएगा।



उल्लेखनीय है कि जिले में धान कटाई का दौर अब तेज हो गया है। ऐसे में कटाई के बाद बचने वाले पैरा को जलाने के बजाय गौठानों में दान करने के लिए प्रदेश सरकार के द्वारा यह अभियान चलाया जा रहा है। हालांकि अभी भी किसानों द्वारा लगातार पैरादान की प्रक्रिया जारी है, किसानों में पैरादान को लेकर अब जागरूकता भी देखने को मिल रही है, लेकिन इस अभियान को और अधिक गति देने के लिए पैरादान महाअभियान किया जाएगा। छत्तीसगढ़ के कई जिलों में किसानों द्वारा खरीफ की फसल के बाद रबी की फसल के लिए पराली (पैरा) को जलाने से पर्यावरण एवं भूमि की उर्वरा शक्ति को नुकसान पहुंचता है। इस दिशा में प्रदेश के किसान भी अपना कदम आगे न बढ़ाएं इसलिए शासन और प्रशासन के द्वारा पैरादान महाअभियान की तैयारी की जा रही है।

## पोस्टर अभियान के साथ लोगों को जागरूक कर रही है पुलिस महिला रक्षा टीम

**रायगढ़।** एसपी अभिषेक मीणा के दिशा-निर्देशन पर जिले की महिला रक्षा टीम द्वारा शहर के विभिन्न चौक चौराहों, स्कूल कॉलेज, छात्रावास एवं सार्वजनिक स्थानों पर महिला एवं नाबालिगों से संबंधित अपराधों के जागरूकता वाले पोस्टर चिपकाए जा रहे हैं। इन पोस्टर के माध्यम से लोगों को "गुड टच- बैड टच", मानव तस्करी, बाल विवाह, दहेज प्रथा जैसे अपराधों के दुष्परिणाम एवं बचाव की जानकारी दी जा रही है। साथ ही पोस्टर में समाज में फैले अंधविश्वास में ना आकर उचित ईलाज एवं मार्गदर्शन प्राप्त करने कहा गया है। पोस्टर में पुलिस कंट्रोल रूम, महिला रक्षा टीम और अन्य हेल्प लाइन के नंबर में दर्शाया गया है।




जागरूकता कार्यक्रमों के क्रम में पुलिस महिला रक्षा टीम द्वारा युवा स्वरोजगार केंद्र रायगढ़ में युवती एवं महिलाओं को महिला अपराधों की जानकारी दी गई जिसमें घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न, छेड़छाड़ आदि पर पुलिस सहायता लेने हेल्पलाइन नंबर बताए गए तथा छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा जारी किए गए "अभिव्यक्ति ऐप" के बारे में बताया गया और उन्हें मोबाइल पर प्लेट स्टोर के जरिए ऐप को डाउनलोड करने कहा गया है। महिला रक्षा टीम प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक मंजू मिश्रा बताई थी वर्तमान में लिंग भेद (जेंडर) के अनुसार भेदभाव, हिंसा करना कानूनन अपराध है। अब पुरुषों की तरह महिलाओं को सभी प्रकार के अधिकार दिए जा रहे हैं।

इससे कहीं भी ऐसे शोषित महिलाएं सामने आकर विरोध करें और पुलिस सहायता ले प्रभारी। महिला सेल प्रभारी बताई कि महिलाओं के विरुद्ध हो रही हिंसा को समाप्त करने महिलाओं को आगे आना होगा और अपनी पीड़ा को दबाव पुलिस के समक्ष लाना होगा। कार्यक्रम में महिला रक्षा टीम की प्रभारी एएसआई मंजु मिश्रा के हाथों बेहतर कार्य करने वालों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया, कार्यक्रम में महिला आरक्षक इंदु लता एक्का, रोज मेरी खेस, आराधना उपस्थित थी।

## जिले के विभिन्न गौठानों में वृहद स्तर पर आयोजित हुआ 'गौठान म गोठ'

- गौठानों में आयोजित नि:शुल्क मेडिकल कैम्प का भी लोगों को मिल रहा लाभ

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दकी के निर्देशानुसार आज जिले के गौठानों में 'गौठान म गोठ' कार्यक्रम के तहत विकास खंड सारंगढ के 16 गौठान, बरमकेला में 17 गौठान तथा विकास खंड बिलाईगढ़ में 13 गौठानों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में गोधन न्याय योजना के तहत गोबर विक्रेताओं में जागरूकता, गोठान में अधिक गोबर विक्रय, गोबर का खाद में रूपान्तरण, अधिक से अधिक गोठानों में पैरा दान करने हेतु प्रेरित किया गया। गोमूत्र खरीदी कर जैविक कीटनाशक निर्माण प्रशिक्षण तथा उपयोग से होने वाले लाभ की जानकारी दी गई। साथ में गांव से जुड़ी अन्य गतिविधियों में पशुओं का टीकाकरण, रबी फसल, दलहन-तिलहन क्षेत्र विस्तार एवं ग्राम पंचायत में अन्य सभी योजनाओं की जानकारी दी गई। उक्त कार्यक्रम के सुगमता पूर्वक संचालन हेतु कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दकी द्वारा विकास खंड स्तरीय अधिकारियों को गौठान का नोडल नियुक्त किया गया है जो विभिन्न गौठानों में मॉनिटरिंग करेंगे तथा प्रत्येक गौठान हेतु ग्रामीण कृषि विस्तर अधिकारी को गौठान नोडल तथा ग्राम सचिव को सहायक नोडल नियुक्त किया गया है तथा स्वयं कलेक्टर एवं अपर कलेक्टर द्वारा गौठानों में आकस्मिक निरीक्षण कर मॉनिटरिंग किया जा रहा है।




इसके अलावा बहुत से गौठानों में स्वास्थ्य विभाग की सहायता से नि:शुल्क मेडिकल कैम्प का भी आयोजन किया जा रहा है, जिसमें उपस्थित स्वास्थ्य विभाग की टीम सुगर, बीपी, खून जांच आदि समस्याओं का निदान कर रही है। इस शिविर का लाभ सीधे निचले स्तर तक ग्रामीणों को मिल रहा है। यह कार्यक्रम 9 दिसंबर 2022 तक समस्त गौठानों में आयोजित किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को गोधन न्याय योजना से जोडऩे तथा उन्हें इससे लाभान्वित करने का प्रयास शासन द्वारा किया जा रहा है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480